# Agricultural Belts
# Wheat, Corn and Cotton


# Agriculture in USA

- कृषि में मशीनरी के अधिक प्रयोग के कारण बहुत कम जनंसख्या इस कार्य में संलग्न है।
- गेहूँ, मक्का, कपास, गन्ना, तंबाकू, सोयाबीन, फल, सब्जियाँ आदि की कृषि की जाती है।
- देश में अनुकूल भौगोलिक दशाओं के अनुरूप गेंहू, मक्का एवं कपास की कृषि का विकास उच्च स्तर पर किया गया है–
  - गेंहू पेटी (Wheat Belt)
  - मक्का पेटी (Corn Belt)
  - कपास पेटी (Cotton Belt)

# Wheat Belt

- उत्तरी अमेरिका के मध्यवर्ती क्षेत्र में उत्तर से दक्षिण लगभग 2400 किलोमीटर लंबे क्षेत्र में भारी मात्रा में गेहूँ की कृषि की जाती है। इस क्षेत्र को 'गेहूँ पेटी' **(Wheat Belt)** कहा जाता है जो की उत्तरी अमेरिका के महान् मैदान का हिस्सा है।
- यह क्षेत्र उत्तर में कनाडा के अलबर्टा **(Alberta)** प्रांत से दक्षिण में संयुक्त राज्य अमेरिका के टेक्सास **(Texas)** राज्य तक विस्तृत है।
- इस संपूर्ण क्षेत्र को हम दो भागों में विभाजित कर सकते हैं—शीतकालीन एवं बसंतकालीन गेहूँ क्षेत्र।

# Wheat Belt



**Source:** United States Department of Agriculture

BUSINESS INSIDER

# Corn or Maize Belt

- मध्य पश्चिमी संयुक्त राज्य अमेरिका में मक्का की कृषि अधिक की जाती है इसलिए इस क्षेत्र को 'मक्का पेटी' कहा जाता है।
- विश्व का सर्वाधिक मक्का इसी देश से उत्पादित किया जाता है।
- मक्का पेटी का विस्तार पश्चिमी इंडियाना, इलीनोइस, आयोवा, मिसूरी, पूर्वी नेब्रास्का, पश्चिमी कन्सास राज्यों में है। इसके अतिरिक्त अन्य कई राज्यों में इसकी कृषि की जाती है।
- यह इस महाद्वीप की परम्परागत फसल है जिसकी की कृषि यहाँ के आदिवासियों (रेड–इंडियन) द्वारा की जाती थी।
- मक्का के साथ इस क्षेत्र में सोयाबीन की कृषि भी भारी मात्रा में की जाती है।



# Cotton Belt

- दक्षिणी–पूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका में उपयुक्त जलवायु एवं काली मिट्‌टी की उपलब्धता के कारण कपास की कृषि बहुतायत में की जाती है। इस क्षेत्र को 'कपास पेटी' **(Cotton Belt)** कहा जाता है।
- यह प्रमुख नकदी फसल है जो मुख्यतः उत्तरी व दक्षिणी कैरोलिना, जोर्जिया, अलबामा, मिसीसीपी, पश्चिमी टैनीसी, पूर्वी अर्कन्सास, लुसीयाना, पूर्वी टेक्सास, दक्षिणी ओक्लाहोमा राज्यों में उगाई जाती है।

